हरिभूमि

विदिशा-रायसेन भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, बुधवार 28 अक्टूबर 2026

गंजबासौदा | सांची | सिरोंज | लटेरी | गैरतगंज | बेगमगंज | सुल्तानपुर | बाड़ी | बरेली

06 नपा ने बेतवा नदी से जेसीबी की मदद से निकलवाए दुर्गा प्रतिमाओं...



08 नहरों से धान फसल को पर्याप्त पानी नहीं मिलने से किसान हो...



खबर संक्षेप

हुकुम सिंह दांगी स्मृति में शिविर आज

विदिशा। पंचायत भवन हासुआ में आज बुधवार को नेत्र शिविर लगाया जाएगा। जिला पंचायत सदस्य जिला पंचायत सदस्य धनराज सिंह दांगी ने बताया शिविर में मरीजों की आंखों की जांच की जाएगी। चयनित मरीजों का सदुरु नेत्र चिकित्सालय आनंदपुर में आधुनिक फेंको पद्धति से आंखों का ऑपरेशन किया जाएगा।

महर्षि वाल्मीकि जयंती पर निकली शोभायात्रा

कुरवाई। महर्षि वाल्मीकि जयंती पर शनिवार को शीतला माता मंदिर से शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा में विधायक हरि सिंह सप्रे एवं विधायक प्रतिनिधि सीताराम सैनी भी शामिल हुए। बीना तिराहे पर विधायक प्रतिनिधि सीताराम सैनी, ऋषि सप्रे, मंडल अध्यक्ष राजेश लोधी, एल्डरमेन वरुण चौबे, अंकित सप्रे एवं विक्की घेंघट ने स्वागत किया। महर्षि वाल्मीकि की आरती एवं प्रसादी वितरण किया गया।

161 मरीजों की जांच हुई 27 को मोतियाबिंद निकला

ग्यारसपुर। शासकीय अस्पताल में निःशुल्क मोतियाबिंद निवारण शिविर लगाया गया। शिविर में 161 से अधिक मरीजों का नेत्र परीक्षण किया गया। 27 मरीजों में मोतियाबिंद की पहचान की गई, जबकि 30 लोगों को निःशुल्क चश्मे वितरित किए गए। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि संदीप रघुवंशी ने ट्रस्ट के सेवा कार्यों की सराहना की। सरिता रघुवंशी ने भी विचार व्यक्त किए। इस दौरान नेत्र सहायक डॉ. दिलीप सेन, कैंप प्रभारी लखन शर्मा, रजनीश भार्गव, सुनील बाबू पिंगले, डॉ. गणेशराम रघुवंशी मौजूद रहे।

ग्यारसपुर में रबी सीजन के लिए बीज वितरण शुरू

ग्यारसपुर। कृषि विभाग के कार्यालय में किसानों को रबी फसलों के बीज वितरण का कार्य किया गया। कृषि स्थायी समिति के सभापति सुखवेंद्र सिंह दांगी, वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी रूपेश बघेल मौजूद रहे। किसानों को रबी फसलों की उन्नत किस्मों के बीजों का उपयोग करने, समय पर बुवाई करने तथा वैज्ञानिक कृषि पद्धतियों को अपनाने प्रेरित किया।

किसानों को बताए टिकाऊ खेती के तरीके

ग्यारसपुर। ग्राम ओलिंजा में खेत बचाओ अभियान के अंतर्गत कृषक जागरूकता बैठक हुई। इसमें 25 किसानों ने भाग लिया। केंद्रीय कृषि अभियांत्रिकी संस्थान भोपाल के वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. अजय कुमार राउल एवं डॉ. मनीष कुमार ने प्राकृतिक खेती के महत्व पर प्रकाश डालते हुए जीवामृत, बीजामृत और प्राकृतिक संसाधनों की जानकारी दी। मिट्टी की उर्वरता बनाए रखने के उपाय बताए। इस दौरान आत्मा के डिप्टी पीडी डीके मेहरा, बीटीएम राधा रघुवंशी एवं वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी रूपेश बघेल उपस्थित रहे।

बिजली की मांग को लेकर सड़क पर उतरे दो कॉलोनियों के रहवासी

हर्ष विहार और श्रीधाम कॉलोनी के रहवासियों ने कलेक्ट्रेट में किया प्रदर्शन, 3 दिन का अल्टीमेटम

अवैध कॉलोनियों में मकान प्लॉट लेना कितना दुखदाई होता है। यह मंगलवार को कलेक्ट्रेट में देखने मिला। जहां दो कॉलोनी के रहवासी धरने पर बैठे रहे इसके बाद भी उनकी समस्याओं का समाधान नहीं हुआ।

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा



एमपीईबी के जीएम उदय त्रिपाठी का कहना है कि ये कॉलोनियां अवैध हैं। एसडीएम मनीष जैन का कहना है कि हर्ष विहार का बकाया बिल जमा करने का आश्वासन दिया गया है। जल्द कॉलोनियों का निरीक्षण करेंगे

विदिशा। कलेक्ट्रेट में धरने पर बैठे कॉलोनी के रहवासियों को समझाइश देते हुए एसडीएम मनीष जैन।

बंटीनगर स्थित हर्ष विहार कॉलोनी और श्रीधाम कॉलोनी के रहवासी मंगलवार को बिजली की सुविधा की मांग को लेकर कलेक्ट्रेट में धरने पर बैठ गए।

दोनों कॉलोनी के रहवासी कलेक्ट्रेट में करीब तीन घंटे तक धरने पर बैठे रहे। इस दौरान कोतवाली टीआई आनंद राज, तहसीलदार प्रीति पंथी, निधी लोधी ने समझाइश देने का प्रयास किया। लेकिन रहवासी मानने तैयार नहीं थे। हालांकि टीआई के कहने पर हर्ष विहार कॉलोनी के रहवासी धरना खत्म कर सिविल लाइन थाने में कॉलोनाइजर के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराने पहुंचे। लेकिन श्रीधाम कॉलोनी के रहवासी धरने से नहीं उठे। तीन घंटे बीत गए तो एसडीएम मनीष जैन को मौके पर आना पड़ा। उनकी समझाइश के बाद श्रीधाम कॉलोनी के रहवासी माने और धरने से उठे। एसडीएम के फोन लगाने पर कॉलोनाइर्जर ने कहा की वह आज 22 लाख रुपए का चेक बिजली कंपनी के ठेकेदार भूपेंद्र वर्मा को देंगे। भूपेंद्र वर्मा ने लिखित में कॉलोनी के रहवासियों को दिया की जैसे ही चेक क्लीयर होगा वह एक माह के भीतर विद्युत कनेक्शन करवाकर मीटर लगवा देंगे। इसी बीच हर्ष विहार कॉलोनी के रहवासी वापस आ गए और कहा की सिविल लाइन थाने में एफआईआर दर्ज नहीं की जा रही है। इसके बाद तहसीलदार कॉलोनी के रहवासियों को लेकर एडिशनल एसपी के पास पहुंचीं।

जब तक लिखित में नहीं मिलेगा नहीं कर सकते एफआईआर

कोतवाली टीआई आनंद राज के कहने पर हर्ष विहार के रहवासी शिकायत दर्ज कराने सिविल लाइन थाने पहुंचे। रहवासियों ने बताया कि टीआई ने कहा कि जब तक लिखित में नहीं मिलेगा शिकायत दर्ज नहीं कर सकते। इसके बाद वह वापस कलेक्ट्रेट पहुंच गए। हर्ष विहार के रहवासियों ने चेतावनी दी है कि तीन दिन के भीतर कार्रवाई नहीं हुई तो वे चक्काजाम करेंगे। दोनों कॉलोनियों के लोगों ने प्रशासन से समस्याओं का स्थायी समाधान कराने और जिम्मेदारों के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की मांग की है। अब देखना होगा कि प्रशासन के आश्वासन के बाद इन कॉलोनियों में मूलभूत सुविधाएं कब तक उपलब्ध हो पाती हैं।

श्रीधाम कॉलोनी: तीन साल से नहीं है बिजली

श्रीधाम कॉलोनी बंटीनगर के करीब 30 परिवार वर्ष 2023 से बिजली कनेक्शन की मांग कर रहे हैं। कॉलोनी में बिजली के खंभे, लाइन और ट्रांसफार्मर लगाने का काम हो चुका है, लेकिन बिजली कंपनी की फीस जमा नहीं होने के कारण बिजली आपूर्ति शुरू नहीं हो सकी। अस्थायी व्यवस्था में करीब 20 रुपए प्रति यूनिट की दर से बिजली का बिल देना पड़ रहा था।

हर्ष विहार में सुविधाएं नहीं मिलने से नाराज

हर्ष विहार कॉलोनी के रहवासियों ने बिजली, सड़क, नाली और पानी की समस्याओं को लेकर कलेक्टर के नाम आवेदन सौंपा। उनका कहना है कि कॉलोनाइजर के साथ 18 दिसंबर 2025 को हुए समझौते में 28 मार्च 2026 तक सुविधाएं उपलब्ध कराने का आश्वासन दिया गया था, लेकिन समय सीमा बीतने के बाद भी स्थिति नहीं बदली। रहवासियों ने कॉलोनाइजर शिवपुरी गोस्वामी एवं भीकम सेन के विरुद्ध पहले भी शिकायतें करने की बात कही। लेकिन अभी तक कोई कार्रवाई नहीं की गई है।

होटलों पर घरेलू गैस सिलेंडर का हो रहा था उपयोग, 11 जब्त किए

रेलवे स्टेशन के आसपास होटलों व भोजनालयों में हुई जांच, पांच प्रतिष्ठानों के खिलाफ प्रकरण दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा



घरेलू गैस सिलेंडरों के व्यावसायिक उपयोग पर रोक लगाने के लिए खाद्य एवं आपूर्ति विभाग ने कार्रवाई करते हुए 11 घरेलू गैस सिलेंडर जब्त किए हैं।

साथ ही नियमों का उल्लंघन करने वाले पांच प्रतिष्ठानों के विरुद्ध प्रकरण दर्ज किए गए हैं। जिला आपूर्ति अधिकारी के निर्देशन में कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी सत्यपाल सिंह जादौन ने 27 अक्टूबर को माधवगंज कॉलोनी और रेलवे स्टेशन के आसपास स्थित होटल, भोजनालय एवं खाद्य प्रतिष्ठानों का आकस्मिक निरीक्षण किया। जांच के दौरान घरेलू श्रेणी के 14.2 किलोग्राम क्षमता वाले गैस सिलेंडरों का व्यावसायिक उपयोग पाया गया। कार्रवाई के दौरान कृष्णा स्वीट्स से एक, जैन भोजनालय से पांच, स्वागत भोजनालय से दो, राजावत होटल से दो और 99 सिगड़ी डोसा से एक सिलेंडर जब्त किया गया। इस तरह कुल 11 सिलेंडर विभागीय अमले ने जब्त किए। विभाग के अनुसार घरेलू गैस सिलेंडरों का व्यावसायिक उपयोग द्रविकृत पेट्रोलियम गैस प्रदाय एवं वितरण विनियमन नियंत्रण आदेश 2000 के प्रावधानों का उल्लंघन है। जिला आपूर्ति अधिकारी ने प्रतिष्ठान संचालकों से घरेलू सिलेंडरों का व्यावसायिक उपयोग नहीं करने और निर्धारित नियमों के अनुसार व्यावसायिक गैस का उपयोग करने की अपील की है। विभाग ने स्पष्ट किया कि नियमों के उल्लंघन पर आगे भी कार्रवाई जारी रहेगी।

युवक से मारपीट, एसपी के पास पहुंचे परिजन

विदिशा। गुलाबगंज थाना क्षेत्र में आदिवासी युवक के साथ मारपीट और थाने में पुलिसकर्मी द्वारा जातिसूचक शब्द कहने का मामला सामने आया है। मंगलवार को आदिवासी समाज के प्रतिनिधियों ने एसपी कार्यालय पहुंचकर ज्ञापन सौंपा और दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। समाज के प्रतिनिधि रामलाल अहिरवार के अनुसार राहुल अहिरवार हार्वेस्टर पर मजदूरी करता है। आरोप है कि पांच हजार रुपए लेकर लौटते समय कुछ लोगों ने उसे रोककर मारपीट की और रुपए छीन लिए। शिकायत करने थाने पहुंचे राहुल के साथ पदस्थ एएसआई प्रहलाद रघुवंशी द्वारा कथित तौर पर गाली-गलौज और जातिसूचक शब्दों का इस्तेमाल करने का भी आरोप है। इसके बाद सूचना है कि एसपी रोहित काशवानी ने एएसआई रघुवंशी को गुलाबगंज थाने से हटाकर पुलिस लाइन भेज दिया गया है।

पेयजल व्यवस्था का विधायक मुकेश टंडन ने किया निरीक्षण, अधिकारियों को दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा



डेम का निरीक्षण करते विधायक

कालीदास बांध में पानी की कमी को लेकर मंगलवार को विधायक मुकेश टंडन ने फिल्टर प्लांट, कालीदास डेम एवं जल संयंत्रालय पहुंचकर पेयजल व्यवस्थाओं का जायजा लिया। अधिकारियों से जल आपूर्ति की स्थिति की जानकारी ली।

विधायक टंडन ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि शहर में पेयजल आपूर्ति सुचारू बनाए रखने जरुरी कदम उठाए जाएं। उन्होंने कहा कि शहरवासियों को पेयजल के लिए किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े, इसके लिए व्यवस्थाओं की सतत निगरानी करते हुए आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। विधायक टंडन ने कहा कि नागरिकों को पर्याप्त एवं नियमित पेयजल उपलब्ध कराना प्राथमिकता है। शहर की मूलभूत सुविधाओं को बेहतर बनाए रखने तथा पेयजल समस्या के समाधान के लिए संबंधित विभागों को गंभीरता से कार्य करना चाहिए। निरीक्षण के दौरान नगरपालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि राकेश शर्मा, नगरपालिका सीएमओ दुर्गेश ठाकुर, दुर्गा नगर मंडल अध्यक्ष सुरेंद्र चौहान, जल शाखा प्रभारी संजय श्रीवास्तव सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

विधायक टंडन ने सुनीं जनसमस्याएं

विदिशा। भाजपा कार्यालय में मंगलवार को विधायक मुकेश टंडन ने नागरिकों, पार्टी कार्यकर्ताओं एवं व्यापारियों की समस्याएं सुनीं। आवेदकों की समस्याओं को गंभीरता से लेते हुए संबंधित विभागों के अधिकारियों को त्वरित निराकरण के निर्देश दिए। इस दौरान क्षेत्र के नागरिकों एवं कार्यकर्ताओं ने अपनी विभिन्न समस्याओं से विधायक टंडन को अवगत कराया। विधायक ने संबंधित अधिकारियों से समन्वय स्थापित कर समस्याओं के समाधान की दिशा में आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए। कार्यक्रम में जिला भाजपा संगठन की ओर से सहयोग सेल के सदस्य विशाल बैतूले एवं मयंक श्रीवास्तव सहित वरिष्ठ कार्यकर्ता एवं नागरिक उपस्थित रहे।

दो दिन से डाकघर का राउटर खराब, जरुरी सेवाएं हुईं ठप

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा



डाकघर में पिछले दो दिनों से इंटरनेट सेवाएं ठप पड़ी हैं। जिससे जरुरी कार्य ठप हो गए हैं।

इंटरनेट का राउटर खराब होने के कारण लेनदेन संबंधी कार्य भी नहीं हो पा रहा है। सिर्फ स्पीड पोस्ट का काम सुचारु है। वह भी कर्मचारियों को अपने मोबाइल से कनेक्ट करके करना पड़ रहा है। डाकघर में प्रतिदिन करीब 40 से 50 लाख रुपए तक लेनदेन होता है। जो पूरी तरह से ठप पड़ा हुआ है। इस संबंध में डाकघर अधीक्षक राहुल रावत से बात करने का प्रयास किया लेकिन अवकाश पर होने के कारण उनसे संपर्क नहीं हो सका है। इधर लेनदेन संबंधी काम ठप होने के कारण लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

मैढ़ क्षत्रिय स्वर्णकार समाज ने मनाई महाराजा अजमीढ़ जयंती

विदिशा। मैढ़ क्षत्रिय स्वर्णकार समाज विदिशा द्वारा पांडे कॉलोनी में हस्तिनापुर नरेश एवं समाज के आदिपुरुष 1008 महाराजा अजमीढ़ जी की जयंती उत्साहपूर्वक मनाई गई। कार्यक्रम में समाज के पुरुषों और महिलाओं ने भाग लिया। सर्वप्रथम दीप प्रज्ज्वलित कर महाराजा अजमीढ़ जी का पूजन, माल्यार्पण और आरती की गई। इसके बाद खीर एवं प्रसाद का वितरण किया गया। कार्यक्रम में जिलाध्यक्ष राकेश सोनी, महामंत्री राजेश सोनी खुबाल, नगर अध्यक्ष मुकेश सोनी, दीपक सोनी, विजय सोनी, महेश सोनी, रामस्वरूप सोनी, संजय सोनी, महिला प्रदेश अध्यक्ष सुचिता सोनी सहित समाज के अनेक लोग उपस्थित रहे।

लापरवाही करने पर पटवारी निलंबित

विदिशा। स्वामित्व अधिकार के अभियान में लापरवाही बरतने पर कुरवाई एसडीएम मोतीलाल अहिरवार ने पटवारी धारूखेड़ी राजन सिंह मीना को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। स्वामित्व अधिकार अभियान के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए राजन सिंह मीना को लिखित रूप से कार्य सौंपा गया था। आदेश जारी होने के तीन सप्ताह से अधिक समय बीत जाने के बाद भी उन्होंने स्वामित्व अधिकार अभिलेख निष्पादन एवं पंजीयन का कार्य प्रारंभ नहीं किया। कार्य में प्रगति नहीं होने के कारण संबंधित हितग्राहियों को शासन की योजनाओं का अपेक्षित लाभ नहीं मिल पा रहा था। पटवारी की शून्य प्रगति को गंभीरता से लेते हुए कार्यालय द्वारा कारण बताओ नोटिस जारी कर तीन दिवस में जवाब प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए। निर्धारित अवधि में पटवारी द्वारा कारण बताओ नोटिस का कोई जवाब नहीं दिया गया। फार्मर रजिस्ट्री के कार्य में भी पटवारी की प्रगति संतोषजनक नहीं पाई गई।

डंपर की टक्कर से मजदूर की मौत, पुलिस व एम्बुलेंस दो घंटे तक नहीं पहुंची, गुस्साए लोगों ने लगाया जाम

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

- काफी देर समझाइश के बाद माने परिजन।

सागर रोड स्थित भैराखेड़ी चौराहे पर मंगलवार को डंपर की टक्कर से मजदूर रमेश कुशवाह की मौत हो गई।

हादसे के बाद परिजनों ने पुलिस और एम्बुलेंस के देर से पहुंचने का आरोप लगाया। घटना से नाराज परिजनों और स्थानीय लोगों ने सड़क पर जाम लगा दिया। रमेश के बेटे अमित कुशवाह और साले मुकेश कुशवाह का कहना है कि हादसे के बाद रमेश की सांसें चल रही थीं। उन्होंने मदद के लिए फोन किया, लेकिन उनके मुताबिक पुलिस और एम्बुलेंस करीब दो घंटे तक नहीं पहुंची। यदि समय पर मदद मिल जाती तो रमेश की जान बच सकती थी। हादसे के बाद गुस्साए परिजनों और स्थानीय लोगों ने सड़क पर जाम लगा दिया। बाद में पुलिस ने लोगों को समझाकर जाम खुलवाया। सिविल लाइन थाना प्रभारी राजपाल सिंह जादौन ने बताया कि सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और डंपर को जब्त कर लिया गया है।

महारैली को लेकर युवा कांग्रेस की बैठक हुई

शमशाबाद। मप्र युवा कांग्रेस के निर्देशानुसार युवा कांग्रेस शमशाबाद विधानसभा के नेतृत्व में विधानसभा स्तरीय बैठक आयोजित की गई। इसमें स्कूल चलो अभियान को प्रभावी बनाने और 1 नवंबर को दिल्ली में होने वाली कांग्रेस की महारैली में कार्यकर्ताओं की उपस्थिति पर चर्चा हुई। युवा कांग्रेस की प्रदेश उपाध्यक्ष एवं विदिशा जिला प्रभारी गीता कड़वे ने कहा कि शिक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए स्कूल चलो अभियान महत्वपूर्ण है। कार्यकर्ता इसे जन-जन तक पहुंचाएं और अधिक से अधिक लोगों को जोड़ें। युवा कांग्रेस जिलाध्यक्ष आकाश शर्मा ने कहा कि संगठन की मजबूती के लिए कार्यकर्ता एकजुट होकर काम करें और जनहित के मुद्दों को प्रमुखता से उठाएं। उन्होंने महारैली में अधिक से अधिक संख्या में शामिल होने का आह्वान किया। बैठक में पूर्व ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष निरंजन सिंह यादव, विधानसभा अध्यक्ष नीरज यादव, धनराज धाकड़, सुनील यादव, पिंकी यादव, दीक्षा लोधी, कुलदीप रत्नाकर, राहुप खान, मनोज कुशवाह, बंटू विश्वकर्मा आदि मौजूद रहे।

प्रतियोगिता में खिलाड़ियों ने दिखाया दम

विजेता खिलाड़ियों को मेडल व प्रमाण-पत्र देकर सम्मानित किया गया

- महिला वर्ग में मुस्कान अहिरवार ने पहला स्थान प्राप्त किया।

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा



विदिशा। विजेता खिलाड़ियों को शील्ड और प्रमाणपत्र वितरित किए गए।

ग्राम सुआंखेड़ी स्थित कुशाभाऊ ठाकरे महाविद्यालय में 27 अक्टूबर को वार्षिक खेल प्रतियोगिता का आयोजन उत्साहपूर्वक किया गया। इसमें छात्र-छात्राओं ने 800 मीटर दौड़, गोला फेंक, भाला फेंक और बैडमिंटन में भाग लेकर प्रतिभा दिखाई।

बैडमिंटन में कार्तिक चौधरी प्रथम, अभय रैकवार द्वितीय और लकी कुशवाह तृतीय रहे। भाला फेंक पुरुष वर्ग में भूमित प्रजापति प्रथम और कृष्णा कुशवाह द्वितीय रहे। महिला वर्ग में मुस्कान अहिरवार, रक्षा वाल्मीकि और सुरभि तिवारी ने पहला, दूसरा और तीसरा स्थान प्राप्त किया। गोला फेंक में पुष्पराज सिंह राजपूत प्रथम, अनिकेत दांगी द्वितीय और लकी रैकवार तृतीय रहे। 800 मीटर दौड़ के पुरुष वर्ग में आदिल शेख, राहुल महावर और रोविन राठौर ने क्रमशः पहला, दूसरा और तीसरा स्थान हासिल किया। महिला वर्ग में नंदिनी अहिरवार प्रथम, प्रियंका अहिरवार द्वितीय और खुशबू अहिरवार तृतीय रहीं। महाविद्यालय संचालक आनंद शरण ने विजेताओं को शील्ड, मेडल और प्रमाण-पत्र देकर सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि खेल विद्यार्थियों में अनुशासन, आत्मविश्वास और टीम भावना विकसित करते हैं।

राष्ट्रीय एकता और युवा नेतृत्व शिविर का समापन

पंचायत मंत्री प्रहलाद पटेल ने युवाओं से राष्ट्र की एकता सामाजिक सद्भाव व सेवा के मार्ग पर चलने किया आह्वान

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा



विदिशा। समापन अवसर पर कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मंत्री प्रहलाद पटेल।

सेंटमैरीज पीजी कॉलेज में राष्ट्रीय युवा योजना द्वारा आयोजित राष्ट्रीय एकता एवं युवा नेतृत्व शिविर का मंगलवार को समापन हुआ। समारोह में प्रदेश के पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री प्रहलाद पटेल शामिल हुए। शिविर में विभिन्न राज्यों से आए युवाओं ने भाग लेकर राष्ट्रीय एकता, भाईचारे, अहिंसा और नेतृत्व के महत्व को समझा।

शिविर के अंतिम दिन की शुरुआत युवा गीत से हुई। इसके बाद इंडोनेशिया से आए पद्मश्री इंद्र उडुयन ने ध्वजारोहण किया। मंत्री प्रहलाद पटेल ने शिविर के दौरान युवाओं द्वारा किए गए रचनात्मक कार्यों का अवलोकन किया। उन्होंने युवाओं द्वारा निर्मित तालाब का निरीक्षण किया, जिसे 'सुब्बाराव सरोवर' नाम दिया गया है। समापन सत्र में मंत्री पटेल ने डॉ. एसएन सुब्बाराव के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने सुब्बाराव के विचारों और आदर्शों को अपनाने तथा राष्ट्र की एकता, सामाजिक सद्भाव और सेवा की भावना के साथ आगे बढ़ने का आह्वान किया।

समापन कार्यक्रम में यह रहे मौजूद

कार्यक्रम में रमेश भैया, सुधीर गोयल, डॉ. सुरेश गर्ग, अजय पांडे, आरसी गुप्ता, संजय राय, ऋषि जालोरी, जयश्री बोराना, कमलेश दुबे सहित अन्य अतिथि मौजूद रहे। शिविर का आयोजन कॉलेज के डायरेक्टर सिंटो बर्गीज के मार्गदर्शन में किया गया। शिविर संयोजक अरविंद कुमार द्विवेदी ने प्रतिभागियों, अतिथियों, सहयोगियों और स्वयंसेवकों का आभार व्यक्त करते हुए शिविर के समापन की घोषणा की।

बासौदा मंडी भाव

सोयाबीन
न्यूनतम भाव-3600
उच्चतम भाव-7210
सरसों
न्यूनतम भाव-7300
उच्चतम भाव-8500
चना
न्यूनतम भाव-4400
उच्चतम भाव-7840
मसूर
न्यूनतम भाव-4000
उच्चतम भाव-6910
गेंहू
न्यूनतम भाव-2400
उच्चतम भाव-5590
बटरी
न्यूनतम भाव-2600
उच्चतम भाव-4020
मूंग
न्यूनतम भाव-5800
उच्चतम भाव-7200
उड़द
न्यूनतम भाव-1200
उच्चतम भाव-8100
मक्का
न्यूनतम भाव-1410
उच्चतम भाव-2660
तेवड़ा
न्यूनतम भाव-2980
उच्चतम भाव-3300
मूंगफली
न्यूनतम भाव-5300
उच्चतम भाव-5310
धान
न्यूनतम भाव-1000
उच्चतम भाव-4701
मटर
न्यूनतम भाव-2760
उच्चतम भाव-2800

कृषि मण्डी में हुई आवक

गंज बासौदा। कृषि उपज मण्डी में मंगलवार को अनेक किसान अपनी उपज नीलामी के लिए लेकर पहुंचे। जिससे कृषि उपज मंडी में 38958 बोरे उपज की आवक दर्ज की गई।

खबर संक्षेप

बिजली हो रही गुल

गंजबासौदा। इन दिनों विद्युत वितरण कंपनी द्वारा नगर के अलग अलग वार्डों में बगैर सूचना के बिजली की कटौती की जा रही है। जिसके चलते विद्युत उपभोक्ताओं को खासी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। ज्ञात हो कि दीवाली के चलते घरों, दुकानों में साफ, सफाई का दौर जारी है। ऐसे में बिजली कंपनी द्वारा अलग अलग क्षेत्र में दिन में कई बार बिजली प्रदाय बंद रखा जा रहा है।

नपाध्यक्ष ने तीन वार्डों में 80 लाख के निर्माण कार्यों का लिया जायजा

हरिभूमि न्यूज ⏭ गंजबासौदा

नगर में चल रहे विकास कार्यों की प्रगति और निर्माण की गुणवत्ता का जायजा लेने के लिए नगर पालिका अध्यक्ष शशि अनिल यादव की उपस्थिति में मंगलवार को वार्ड क्रमांक 1, 2, 6 के विकास कार्यों का निरीक्षण कर नवीन सीसी रोड की जांच की। इस दौरान इंजीनियर सौरभ श्रीवास्तव के साथ गुणवत्ता की जांच कीका निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने संबंधित वार्डों के पार्षदों और नगर पालिका के अधिकारियों के साथ विभिन्न निर्माण कार्यों का अवलोकन किया तथा सीसी रोड निर्माण की गुणवत्ता की जांच की। नपा इंजीनियर सौरभ श्रीवास्तव ने जानकारी देते हुए बताया कि तीनों वार्डों में लगभग 80 लाख रुपये की लागत से सीसी रोड का निर्माण कराया गया है। निर्माण कार्यों में गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखा गया है। निरीक्षण के दौरान नपा अध्यक्ष ने सड़कों की स्थिति का जायजा लिया और इंजीनियर सौरभ श्रीवास्तव के साथ निर्माण कार्यों की गुणवत्ता का परीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान नपाध्यक्ष शशि अनिल यादव के साथ नपा सांसद प्रतिनिधि देवेंद्र यादव, नगर पालिका में नेता प्रतिपक्ष जगदीश व्यास और





पार्षद मंजू कुशवाहा सहित अनेक वार्डवासी मौजूद रहे। सभी ने वार्डों में कराए गए निर्माण कार्यों का अवलोकन किया। नगर पालिका द्वारा वार्डों में कराए जा रहे विकास कार्यों का निरीक्षण करने का उद्देश्य निर्माण कार्यों की स्थिति और गुणवत्ता का आकलन करना है, ताकि नागरिकों को बेहतर सड़क सुविधाएं उपलब्ध हो सकें।

कई दिनों से अवशेष नदी में पड़े होने से जलीय जीव जंतुओं पर पड़ रहा था प्रतिकूल प्रभाव

नपा ने बेतवा नदी से जेसीबी की मदद से निकलवाए दुर्गा प्रतिमाओं के अवशेष

हरिभूमि न्यूज ⏭ गंजबासौदा

बेतवा नदी के गंज घाट पर दशहरे के बाद नगर सहित ग्रामीण अंचलों में रखी दुर्गा प्रतिमाओं का विसर्जन किया गया था। विसर्जन के बाद बेतवा नदी के गंज घाट पुल के पास दुर्गा प्रतिमाओं के अवशेष बिखरे पड़े थे। जिससे नदी का पानी दूषित होने की आशंका एवं जलीय जीवों पर पड़ने वाले प्रतिकूल प्रभाव को देखते हुए स्थानीय लोगों की शिकायत पर को नगर पालिका द्वारा सफाई अभियान चलाया गया।







मंगलवार को मुख्य नगर पालिका अधिकारी अशोक वर्मा के नेतृत्व में नपा स्वास्थ्य अधिकारी धीरज मैना के निर्देशन में बेतवा नदी के गंज घाट पर पुल के समीप विसर्जन के पश्चात नदी में पड़े दुर्गा प्रतिमाओं के अवशेषों को बाहर निकाला गया। बेतवा नदी पर चले सफाई अभियान के दौरान जेसीबी मशीन की सहायता से प्रतिमाओं के अवशेषों को नदी से बाहर निकालकर ट्रैक्टर ट्रालियों में भरवा कर डंप कराया गया। उक्त कार्य संतोष प्रभारी दरोगा, सुदामा प्रभारी दरोगा, देवेंद्र प्रभारी मेट की मौजूदगी कार्य कराया गया। दोपहर 3 से शाम 5 बजे तक नपा की जेसीबी की मदद से 25 से 30 बड़ी प्रतिमाओं के अवशेष नदी से निकाले गए। ज्ञात हो कि दशहरे के बाद गंज बेतवा पुल के आसपास बड़ी संख्या में विसर्जित प्रतिमाएं अस्त-व्यस्त अवस्था में पड़ी थीं। इससे गंज घाट पर गंदगी फैल रही थी और नदी में प्रदूषण बढ़ने की आशंका थी। प्रतिमाओं के इस तरह पड़े रहने से लोगों की आस्था को भी ठेस पहुंच रही थी। शिकायत मिलने के बाद नगर पालिका अमले ने मौके पर पहुंचकर जेसीबी की मदद से प्रतिमाओं के अवशेष नदी से बाहर निकलवाए और उन्हें सुरक्षित गड्ढे में डलवाया। मुख्य नगर पालिका अधिकारी अशोक वर्मा ने बताया कि स्थानीय लोगों की शिकायत पर सफाई अभियान चलाया गया। आगे भी श्रमदान दल के साथ सफाई जारी रखी जाएगी।

मदन भैया पार्क में चौपाटी का निर्माणकार्य प्रगति पर



हरिभूमि न्यूज ⏭ गंजबासौदा

इन दिनों नगरपालिका द्वारा मदन भैया पार्क में नगरवासियों की सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए एक ही स्थान पर खाद्य सामग्री दुकानें लगाए जाने की मंशानुरुप चौपाटी का कार्य कराया जा रहा है, जिसका निर्माण कार्य जारी है। शीघ्र ही चौपाटी निर्माण का कार्य पूर्ण हो जाऐगा। जिसके बाद एक स्थान पर नगरवासियों को खाने पीने की सामग्री आसानी से मिल सकेंगी।

नेहरु चौक पर लगे फल, सब्जी के हाथ ठेलों को व्यवस्थित लगवाया



हरिभूमि न्यूज ⏭ गंजबासौदा

मंगलवार को नगरपालिका अमले ने नेहरू चौक पर लगे सब्जी, फल एवं अन्य सामग्री के हाथ ठेलों को व्यवस्थित स्थान पर लगवाया। इस दौरान ठेला संचालकों को समझाइश दी गई कि वह मुख्य चौराहे के पास अपने ठेले खड़े न करें। साथ ही, उन्हें निर्धारित स्थान पर ही ठेले लगाने की हिदायत दी गई, ताकि चौराहे पर यातायात व्यवस्था सुचारू बनी रहे और आम नागरिकों को आवागमन में परेशानी का सामना न करना पड़े। यहां उल्लेखनीय है कि नेहरू चौक के आसपास हाथ ठेले खड़े होने से यातायात प्रभावित होने की स्थिति बनती है। ऐसे में नगरपालिका अमले द्वारा ठेला संचालकों को व्यवस्थित तरीके से ठेले लगाने की समझाइश देकर यातायात व्यवस्था बेहतर बनाने का प्रयास किया गया। कार्रवाई के दौरान नेहरू चौक पर चालानी कार्रवाई की गई और ठेले वालों को हटवाया गया और समझाईश दी गई इस दौरान 10 लोगों पर चालानी कार्रवाई करते हुए 950 रुपए का जुर्माना वसूल करते हुए रसीद काटी गईं।

एंटी रैगिंग कार्यशाला का हुआ आयोजन

गंजबासौदा। शासकीय संजय गांधी स्मृति स्नातकोत्तर महाविद्यालय में छात्र-छात्राओं के बीच रैगिंग जैसी गंभीर सामाजिक और शैक्षणिक समस्या के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से एंटी रैगिंग कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम डॉ. कंचन वैद्य के निर्देशन में महाविद्यालय के प्राध्यापक डॉ. बी के प्रजापति एंटी रैगिंग प्रभारी ने छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए रैगिंग के दुष्परिणामों और इसके खिलाफ बने कड़े कानूनी प्रावधानों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। अन्य सदस्य डॉक्टर दिलीप कुमार गुप्ता ने विद्यार्थियों को समझाया कि रैगिंग न केवल एक कानूनी अपराध है, बल्कि यह किसी साथी छात्र के आत्मसम्मान और मानसिक स्वास्थ्य पर गहरा आघात करती है। महाविद्यालय परिसर को पूरी तरह से रैगिंग-मुक्त बनाए रखने के लिए सभी विद्यार्थियों को आपसी सौहार्द, अनुशासन और भाईचारे के साथ रहने की प्रेरणा दी गई। डॉ. मधु विजय, सुधा पाठक, सर्वेश ने छात्र-छात्राओं को यह भी बताया गया कि यदि उन्हें परिसर में या बाहर किसी भी प्रकार की प्रताड़ना या रैगिंग का सामना करना पड़े, तो वे बिना किसी संकोच के महाविद्यालय की एंटी रैगिंग कमेटी या प्राध्यापकों को इसकी सूचना दें, ताकि तुरंत सख्त कार्रवाई की जा सके। कार्यशाला में महाविद्यालय के 70 छात्र-छात्राएं और संकाय सदस्य उपस्थित रहे, जिन्होंने महाविद्यालय को रैगिंग मुक्त रखने का संकल्प लिया।



अगले वित्तीय वर्ष में बासौदा-सिरोंज मार्ग पुल का कार्य हो जाऐगा पूर्ण

गंजबासौदा। बासौदा सिरोंज मार्ग पर बन रहे नए पुल के अधूरे एप्रोच मार्ग का काम शुरू हो गया है, पुल के दोनों ओर 40-40 मीटर लंबे एप्रोच मार्ग बनाए जाने हैं। फिलहाल पूर्वी हिस्से में फाउंडेशन के बाद विंग वॉल बनाने का काम चल रहा है। निर्माण कंपनी का दावा है कि इसी वित्तीय वर्ष में काम पूरा कर पुल से यातायात शुरू करने की स्थिति बना दी जाएगी। यहां उल्लेखनीय है कि बेतवा नदी के पुराने पुल पर अगले साल डूबने का खतरा मंडरा रहा है। नए गंज-बेतवा पुल का निर्माण अब तक अधूरा है। कोठा बैराज में पानी भरने का काम शुरू होने के साथ पुराने पुल के डूब क्षेत्र में आने की आशंका बढ़ गई है, ऐसे में नए पुल को समय पर यातायात के लिए तैयार करना जरूरी हो गया है।



एक माह तक श्रद्धालु कार्तिक स्नान के साथ करेंगे भगवान का अभिषेक

रिपटा घाट पर कार्तिक स्नान के साथ शुरु हुआ अभिषेक



हरिभूमि न्यूज ⏭ गंजबासौदा

मंगलवार से बेतवा रिपटा घाट पर एक माह तक किए जाने वाले कार्तिक स्नान के साथ भगवान शिव का अभिषेक प्रारंभ हो गया है। यह आयोजन एक माह कार्तिक पूर्णिमा तक चलेगा। पंडित भागीरथ शास्त्री के सानिध्य में प्रतिदिन प्रातः कालबेला में स्नान के साथ भगवान का अभिषेक शुरू होगा। मंगलवार को श्रद्धालु जब स्नान और अभिषेक के लिए पहुंचे तो बेतवा रिपटा घाट पर ऊपर तक पानी भरा हुआ था। शिव के चबूतरे पर भगवान का अभिषेक प्रारंभ किया गया। अब नियमित एक माह तक चलेगा पंडित भागीरथ शास्त्री के अनुसार कार्तिक माह में भगवान विष्णु की पूजा-आराधना, पवित्र नदियों में स्नान और दान-पुण्य करने का विशेष महत्व होता है। कार्तिक माह में कई तरह के बड़े पर्व मनाए जाते हैं। हिंदू पंचांग का आठवां महीना होता है। इस माह के स्वामी कार्तिकेय भगवान होते हैं, जिस कारण से इसको कार्तिक महीना कहा जाता है। हिंदू धर्म में कार्तिक महीने का विशेष महत्व होता है। कार्तिक माह चार महीने तक चलने वाला चातुर्मास का आखिरी महीना होता है। इस महीने देवउठनी एकादशी आती है जिसमें भगवान विष्णु चार माह की निद्रा के बाद जागते हैं। भगवान विष्णु के जागने पर सभी तरह के शुभ और मांगलिक कार्य फिर से आरंभ हो जाते हैं। कार्तिक माह में भगवान विष्णु की पूजा-आराधना, पवित्र नदियों में स्नान और दान-पुण्य करने का विशेष महत्व होता है। कार्तिक माह में कई तरह के बड़े पर्व मनाए जाते हैं। जिसमें करवा चौथ, धनतेरस, नरक चतुर्दशी, दिवाली, भैयादूज, छठ, देवउठनी एकादशी और तुलसी विवाह जैसे व्रत-त्योहार खास होते हैं। पूरे कार्तिक माह दीपदान करने का विशेष महत्व होता है। वैदिक पंचांग के अनुसार स्नान, ध्यान और दीपदान का महीना कार्तिक कृष्ण पक्ष की प्रतिपदा से आरंभ हो जाता है जो कार्तिक पूर्णिमा तक चलता है। फिर इसके बाद साल के बाकी बचे महीने मार्गशीर्ष, पौष. माह और फाल्गुन आता है। चैत्र का महीना हिंदी कैलेंडर का पहला महीना होता है। इस वर्ष कार्तिक माह 8 अक्तूबर से आरंभ हो कर 5 नवंबर को खत्म होगा। कार्तिक माह का महत्व कार्तिक का महीना पूजा-पाठ, धर्म-कर्म, ध्यान और मांगलिक कार्यों के लिए विशेष होता है।

नशा मुक्ति जागरुकता कार्यक्रम का हुआ आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ गंजबासौदा

विद्यार्थियों में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता और समाज को नशामुक्त बनाने के उद्देश्य से सैण्ट एसआरएस पब्लिक हायर सेकेंण्डरी स्कूल में राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वावधान में एक नशा मुक्ति जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और नशामुक्त समाज के निर्माण का संकल्प लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के प्राचार्य उमेश चंद्र यादव कार्यक्रम अधिकारी केपी सिंह चौहान, रजनी गुप्ता ने मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया। उपस्थित अतिथियों ने अपने उद्बोधन में विद्यार्थियों को नैतिक मूल्यों और अनुशासित जीवन शैली अपनाने की प्रेरणा दी। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण विद्यार्थियों को नशे के घातक परिणामों से अवगत कराना रहा। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए विद्यालय के प्राचार्य उमेश चंद्र यादव ने इस बात पर जोर दिया कि न केवल तंबाकू, सिगरेट और मदिरा जैसी चीजें शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य को दीमक की तरह खोखला करती हैं, बल्कि यह व्यक्ति के पूरे परिवार और भविष्य को भी बर्बाद कर देती हैं। शोषण, अपराध और हीनभावना की जड़ में कहीं न कहीं नशा ही मुख्य रूप से जिम्मेदार होता है। विद्यार्थियों को समझाया गया, कि युवा पीढ़ी देश का भविष्य है और इस अभिशाप से दूर रहकर ही वे एक स्वस्थ एवं सशक्त राष्ट्र के निर्माण में अपना योगदान दे सकते हैं। उपस्थित अतिथियों ने अपने उद्बोधन में विद्यार्थियों को नैतिक मूल्यों और अनुशासित जीवन शैली अपनाने की प्रेरणा दी। इस अवसर पर एनएसएस इकाई के सभी स्वयं सेवकों ने सक्रिय भूमिका निभाई। कार्यक्रम को सफल बनाने में बालिका इकाई प्रमुख रजनी गुप्ता तथा बालक इकाई प्रमुख केपी सिंह चौहान का विशेष योगदान रहा। उन्होंने विद्यार्थियों का मार्गदर्शन करते हुए उन्हें समाज में एक 'नशा मुक्ति दूत' के रूप में कार्य करने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम के अंत में बालिका ईकाई कार्यक्रम अधिकारी रजनी गुप्ता ने सभी उपस्थित शिक्षकों, अतिथियों और छात्र-छात्राओं को सामूहिक रूप से जीवनभर नशा न करने तथा अपने आस-पास के लोगों को भी नशा न करने के प्रति जागरूक करने की शपथ दिलाई। एनएसएस के स्वयंसेवकों द्वारा प्रस्तुत जागरूकता नारों और संदेशों से पूरा विद्यालय परिसर गूंज उठा। यह कार्यक्रम क्षेत्र के युवाओं में सकारात्मक बदलाव लाने और उन्हें सही दिशा दिखाने की दिशा में एक सराहनीय कदम साबित हुआ। कार्यक्रम के अंत में बालक वर्ग कार्यक्रम अधिकारी केपी सिंह चौहान ने उपस्थित अतिथियों का आभार व्यक्त कर कार्यक्रम के समापन की घोषणा की। इस अवसर पर गौरव जैन, प्रियंका अग्रवाल, गोविन्द कुशवाह, शंभू गिरि गोस्वामी, विक्रम सिंह लोधी, सुपार्श जैन, दीपेश मीणा, अजय अद्वैत, सोनू राय आदि शिक्षक शिक्षिकाएं उपस्थित रहे।



प्रदेश अध्यक्ष डॉ. प्रदीप बाफना के नेतृत्व में सदस्यता अभियान ने पकड़ी रफ्तार

आईजा के राष्ट्रीय पत्रकार सम्मेलन की तैयारियां तेज, नवंबर में मोहनखेड़ा तीर्थ पर होगा आयोजन

500 से अधिक पत्रकार जुड़े

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिरोंज



ऑल इंडिया जैन जर्नलिस्ट एसोसिएशन (आईजा) के नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष डॉ. प्रदीप बाफना के नेतृत्व में संगठन की गतिविधियों में तेजी देखने को मिल रही हैं। आगामी नवंबर माह में मोहनखेड़ा तीर्थ क्षेत्र में राष्ट्रीय स्तर के पत्रकार सम्मेलन एवं शपथ विधि समारोह का आयोजन किया जाएगा। इस महत्वपूर्ण आयोजन को लेकर तैयारियां शुरू कर दी गई हैं। प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों में बैठकों का दौर जारी है, वहीं संगठन के सदस्यता अभियान में भी लगातार तेजी आ रही है। अब तक 500 से अधिक पत्रकार आईजा से जुड़ चुके हैं। संगठन ने आगामी दिनों में 1001 सदस्य बनाने का लक्ष्य निर्धारित किया है, जिसे जल्द पूरा करने की दिशा में प्रयास किए जा रहे हैं।

सम्मेलन को लेकर बैठकों का दौर जारी

आईजा के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. प्रदीप बाफना ने हरिभूमि से चर्चा करते हुए बताया कि मोहनखेड़ा तीर्थ क्षेत्र में आयोजित होने वाले राष्ट्रीय पत्रकार सम्मेलन एवं शपथ विधि समारोह को भव्य और सफल बनाने के लिए व्यापक स्तर पर तैयारियां की जा रही हैं। आयोजन की रूपरेखा तैयार करने के साथ ही विभिन्न स्थानों पर पत्रकारों और संगठन के पदाधिकारियों के साथ बैठकें आयोजित की जा रही हैं। सम्मेलन में संगठन की आगामी गतिविधियों, पत्रकारों के हितों और संगठन को मजबूत बनाने जैसे विषयों पर भी चर्चा की जाएगी। उन्होंने बताया कि आईजा का उद्देश्य पत्रकारों को एक मंच पर लाकर उनके अधिकारों, सम्मान और हितों की रक्षा के लिए प्रभावी ढंग से कार्य करना है।

डॉ. बाफना के नेतृत्व में संगठन को मिली नई ऊर्जा

आईजा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष एडवोकेट राजीव जैन सैनानी ने कहा कि डॉ. प्रदीप बाफना के दोबारा प्रदेश अध्यक्ष बनने से मध्यप्रदेश में संगठन को नई ऊर्जा और गति मिली है। उनके नेतृत्व में सदस्यता अभियान तेजी से आगे बढ़ रहा है और बड़ी संख्या में पत्रकार संगठन से जुड़ रहे हैं। उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश में आईजा लगातार सफलता की नई ऊंचाइयों को छू रहा है। संगठन की बढ़ती सक्रियता और पत्रकारों के बीच बन रहे विश्वास से यह स्पष्ट है कि पत्रकारों को एकजुट करने के प्रयास सकारात्मक दिशा में आगे बढ़ रहे हैं।

'पत्रकारों के सुख-दुख में साथ खड़े रहते हैं डॉ. बाफना'

राजीव जैन सैनानी ने कहा कि डॉ. प्रदीप बाफना केवल संगठन के विस्तार तक सीमित नहीं हैं, बल्कि पत्रकारों की समस्याओं के समाधान के लिए भी निरंतर प्रयास करते हैं। जब भी कोई पत्रकार अपनी समस्या लेकर उनसे संपर्क करता है, तो वे उसकी बात सुनकर समाधान के लिए हरसंभव प्रयास करते हैं। विपरीत परिस्थितियों में भी पत्रकारों के साथ खड़े रहना और उनके हितों की लड़ाई लड़ना उनकी कार्यशैली का महत्वपूर्ण हिस्सा है। यही वजह है कि पत्रकारों के बीच उनके प्रति विश्वास और सम्मान लगातार बढ़ रहा है।

सम्मान और सहयोग बना सदस्यता अभियान की मजबूती

आईजा से जुड़ रहे पत्रकारों का कहना है कि संगठन के प्रति उनका जुड़ाव केवल सदस्यता ग्रहण करने तक सीमित नहीं है, बल्कि इसके पीछे डॉ. प्रदीप बाफना द्वारा दिया गया सम्मान, सहयोग और जरूरत के समय साथ खड़े रहने की भावना प्रमुख है। पत्रकारों का मानना है कि किसी भी संगठन की मजबूती उसके सदस्यों के बीच विश्वास और आपसी सहयोग से बनती है। डॉ. बाफना ने पत्रकारों को जो सम्मान दिया है और उनकी समस्याओं के समाधान के लिए जिस तरह प्रयास किए हैं, उससे अनेक पत्रकार आईजा के साथ जुड़ने के लिए प्रेरित हुए हैं।

पत्रकार हितों की रक्षा और संगठन विस्तार पर जोर

डॉ. प्रदीप बाफना के नेतृत्व में आईजा का मुख्य जोर पत्रकारों के हितों की रक्षा, उनकी समस्याओं के समाधान और संगठन के विस्तार पर है। पत्रकारों की सुरक्षा, सम्मान और अधिकारों से जुड़े मुद्दों को प्राथमिकता देते हुए संगठन को प्रदेश के प्रत्येक क्षेत्र में मजबूत बनाने के प्रयास किए जा रहे हैं। लगातार बढ़ती सदस्य संख्या और पत्रकारों के मिल रहे सहयोग से संगठन के पदाधिकारी उत्साहित हैं। नवंबर में मोहनखेड़ा तीर्थ क्षेत्र में होने वाला राष्ट्रीय पत्रकार सम्मेलन एवं शपथ विधि समारोह संगठन के लिए महत्वपूर्ण आयोजन माना जा रहा है। इसके माध्यम से पत्रकारों को एक मंच पर लाने, आपसी समन्वय बढ़ाने और भविष्य की कार्ययोजना को मजबूती देने का प्रयास किया जाएगा। संगठन का लक्ष्य 1001 सदस्य बनाने का है, जिसे पूरा करने के लिए सदस्यता अभियान को और गति दी जा रही है।

सामाजिक उत्तरदायित्व और सेवा कार्यों को मिल रहा बढ़ावा

गुरुकुल संस्कार शाला अभियान से प्रदेश में सेवा और संस्कार की नई पहल

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिरोंज



बच्चों और युवाओं में संस्कार, सेवा भावना तथा सामाजिक उत्तरदायित्व विकसित करने के उद्देश्य से गुरुकुल भोपाल द्वारा संचालित राष्ट्रीय मूल्य संवर्धन योजना के अंतर्गत संस्कार शाला अभियान मध्यप्रदेश के विभिन्न जिलों में विस्तार पा रहा है। इस अभियान के माध्यम से विद्यार्थियों को प्रतिदिन छोटे-छोटे सेवा कार्यों से जोड़कर समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारी समझने और उसे व्यवहार में उतारने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। अभियान को प्रदेश स्तर पर आगे बढ़ाने के साथ विदिशा जिले में भी इसकी गतिविधियों के विस्तार पर जोर दिया जा रहा है। गुरुकुल के बोर्ड सदस्य एवं राज्य समन्वय समिति से जुड़े रवि सोनी के अनुसार, इस पहल का उद्देश्य केवल बच्चों को नैतिक शिक्षा देना नहीं, बल्कि उन्हें सेवा, अनुशासन, संवेदनशीलता और नेतृत्व के व्यावहारिक अवसर उपलब्ध कराना है। अभियान के माध्यम से युवाओं को ऐसी जिम्मेदारियाँ सौंपने का प्रयास किया जा रहा है, जिससे वे स्वयं सक्रिय होकर अन्य बच्चों और युवाओं को भी सेवा कार्यों से जोड़ सकें।

छह माह में 25 जिलों तक पहुँचा अभियान

गुरुकुल भोपाल की सितंबर प्रगति रिपोर्ट के अनुसार, पिछले छह महीनों में अभियान से 26,125 से अधिक सेवादार एवं सदस्य जुड़े हैं। इस अवधि में 125 से अधिक संस्कार शालाओं का नेटवर्क विकसित हुआ है तथा 100 से अधिक प्रशिक्षु आचार्य विभिन्न स्तरों पर समूहों के संचालन और नेतृत्व की जिम्मेदारी निभा रहे हैं। रिपोर्ट में 26,000 से अधिक पंजीकृत मोबाइल संपर्कों तथा तीन दैनिक ज्ञान-संवाद श्रृंखलाओं का भी उल्लेख है। संस्था का आगामी लक्ष्य 200 सक्रिय संस्कारशालाओं का नेटवर्क विकसित करना है। इसके लिए प्रत्येक जिले में स्थानीय स्तर पर प्रशिक्षु आचार्य तैयार करने, सेवा समूहों को सक्रिय रखने और अधिक से अधिक बच्चों एवं युवाओं की भागीदारी सुनिश्चित करने पर ध्यान दिया जा रहा है।

रवि सोनी ने बताया युवा नेतृत्व का महत्व

रवि सोनी के अनुसार, समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने के लिए युवाओं को केवल प्रेरित करना पर्याप्त नहीं है, बल्कि उन्हें जिम्मेदारी निभाने के अवसर भी देने आवश्यक हैं। संस्कार शाला अभियान में विद्यार्थी पहले स्वयं सेवा कार्य करता है, इसके बाद प्रशिक्षु आचार्य के रूप में अन्य विद्यार्थियों को जोड़ता है और आगे चलकर अनुभवी प्रशिक्षु आचार्य के रूप में नए आचार्यों का मार्गदर्शन कर सकता है। इस व्यवस्था से युवाओं में संवाद क्षमता, संगठन कौशल, आत्मविश्वास और सामाजिक जिम्मेदारी विकसित करने का प्रयास किया जा रहा है। अभियान की विशेषता यह है कि इसे स्थानीय समूहों और डिजिटल माध्यमों के सहयोग से संचालित किया जा सकता है, जिससे बड़े भवनों या महँगे संसाधनों पर निर्भरता कम रहती है।

विदिशा में स्थानीय समूहों को सक्रिय करने की दिशा में प्रयास

प्रदेश स्तर पर अभियान के विस्तार के साथ विदिशा जिले में भी संस्कारशालाओं और सेवा समूहों को मजबूत बनाने की दिशा में कार्य किया जा रहा है। इसका उद्देश्य स्थानीय युवाओं को प्रशिक्षु आचार्य के रूप में तैयार करना, बच्चों को नियमित सेवा गतिविधियों से जोड़ना और समाज के विभिन्न वर्गों में सहयोग की भावना विकसित करना है। अभियान के अंतर्गत वृद्धजनों की सहायता, जरूरतमंद बच्चों को पढ़ाई में सहयोग, पशु-पक्षियों के लिए भोजन एवं पानी की व्यवस्था तथा पर्यावरण संरक्षण जैसे कार्यों को प्रोत्साहित किया जाता है। इन गतिविधियों के माध्यम से बच्चों को यह समझाने का प्रयास है कि समाजसेवा के लिए बड़े संसाधनों की नहीं, बल्कि संवेदनशील सोच और नियमित प्रयास की आवश्यकता होती है।

सेवा, संस्कार और व्यवहार परिवर्तन पर जोर

गुरुकुल संस्कार शाला अभियान में रामायण के प्रसंगों के माध्यम से कर्तव्य एवं मर्यादा, भगवान बुद्ध के जीवन से करुणा एवं विवेक तथा संस्कार और भाषा से संबंधित संवादों के माध्यम से विनम्र व्यवहार की शिक्षा देने का प्रयास किया जा रहा है। रवि सोनी ने बताया कि अभियान की वास्तविक सफलता केवल सदस्य संख्या बढ़ने से नहीं, बल्कि इस बात से तय होगी कि कितने विद्यार्थी नियमित रूप से सेवा कार्य कर रहे हैं और उनके व्यवहार में कितनी सकारात्मकता आ रही है। इसी दिशा में सेवा गतिविधियों की नियमितता, समूहों की सक्रियता और विद्यार्थियों की भागीदारी को अधिक व्यवस्थित बनाने पर जोर दिया जा रहा है।

200 सक्रिय संस्कार शालाओं का लक्ष्य

गुरुकुल भोपाल की योजना आगामी चरण में 200 सक्रिय संस्कारशालाओं का नेटवर्क विकसित करने की है। इसके लिए प्रदेश के विभिन्न जिलों में स्थानीय नेतृत्व तैयार करने, प्रशिक्षु आचार्यों को प्रोत्साहित करने और सेवा गतिविधियों को नियमित रूप देने की दिशा में प्रयास किए जा रहे हैं। विदिशा में भी इस पहल को स्थानीय आवश्यकताओं और युवाओं की भागीदारी के अनुरूप आगे बढ़ाने की संभावनाएँ हैं। अभियान का मूल संदेश है कि छोटे-छोटे सेवा कार्य जब नियमित आदत बन जाते हैं, तो वे समाज में बड़े सकारात्मक बदलाव का आधार बन सकते हैं। गुरुकुल का प्रयास बच्चों और युवाओं को इसी सोच के साथ जोड़कर संस्कारयुक्त, जिम्मेदार और सेवाभावी समाज के निर्माण में योगदान देना है।

कुर्मी क्षत्रिय युवा संगठन की बैठक में उठा चल समारोह, शिक्षा संस्थान का मुद्दा

सिरोंज। कुर्मी क्षत्रिय युवा संगठन की महत्वपूर्ण बैठक बटैया सरकार मंदिर परिसर में आयोजित की गई। बैठक में सरदार वल्लभभाई पटेल जयंती और समाजहित से जुड़े विभिन्न विषयों पर चर्चा की गई। निर्णय लिया गया कि 31 अक्टूबर को समदपुर बालाजी मंदिर में एकत्रित होकर जयंती मनाई जाएगी। बैठक में राजेश पटेल एवं उनके साथियों ने चल समारोह पर होने वाले खर्च की राशि से समाज के शिक्षित युवाओं को प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कराने के लिए 'सरदार पटेल इंस्टीट्यूट' खोलने का प्रस्ताव रखा। चल समारोह को लेकर 11 साथियों ने नहीं निकालने के पक्ष में, जबकि जिला अध्यक्ष भैरू सिंह सहित 6 साथियों ने निकालने के पक्ष में सहमति जताई। इसके अलावा बाहरी राजनीतिक नेताओं को मंच देने और समाजहित को प्राथमिकता देने जैसे विषयों पर भी चर्चा हुई। बैठक में समाज के सामने एक महत्वपूर्ण सवाल सामने आया कि एक दिन के भव्य चल समारोह पर खर्च किया जाए या युवाओं के भविष्य को संवारने के लिए शिक्षा संस्थान खोलने की दिशा में कदम बढ़ाया जाए। इस विषय पर समाज के लोगों की राय को महत्वपूर्ण माना जा रहा है।

गढ़ाकोटा अधिवक्ता संघ के चुनाव संपन्न, राम सजीवन चौबे अध्यक्ष

गढ़ाकोटा। गढ़ाकोटा अधिवक्ता संघ के वर्ष 2026-28 के चुनाव निर्वाचन प्रक्रिया एवं आपसी सहमति से संपन्न हुए। चुनाव में अध्यक्ष पद पर रामसजीवन चौबे, उपाध्यक्ष पद पर महेंद्र कुर्मी, सचिव पद पर संदीप कुर्मी तथा कोषाध्यक्ष पद पर मनीषा सोनी निर्विरोध निर्वाचित हुए। वहीं, कार्यकारिणी सदस्य के सात पदों के लिए निर्वाचन कराया गया, जिसमें 17 प्रत्याशियों ने भाग लिया। मतगणना के बाद वतन सोनी, लक्ष्मीकांत पाठक, विवेक भागवत, ओमकार कुर्मी, उमेश पटेल, अजय एवं विजय ने सर्वाधिक मत प्राप्त कर जीत हासिल की।

करवा चौथ का व्रत निकट आते ही तैयारी में जुटीं महिलाएं

बाजार में लगी दुकानों पर हो रही खरीदारी



हरिभूमि न्यूज ⏭ बरेली

महिलाओं के बीच अति लोकप्रिय और पति की दीर्घ आयु परिवार में सुख शांति समृद्धि के लिए करवा चौथ का व्रत उपवास पूजन का भारी महत्व है। करवा चौथ निकट आते ही नगर की मुख्य सड़क के किनारे अति सुंदर कारीगरी से सजे करवा रंग बिरंगी छलनी की दुकान लग गई है। दुकानों पर पहुंच कर महिलाओं द्वारा अपनी मनपसंद की वस्तुओं की खरीदारी की जा रही है।

पति की दीर्घायु के लिए सुहागन महिलाओं द्वारा कार्तिक माह की चौथ को बिना कुछ खाए पिए उपवास रखा जाता है। दिनभर निर्जला व्रत रखकर रात्रि में चंद्रमा के दर्शन पति की पूजन और छलनी से पति के दर्शन कर उपवास खोला जाता है।

उक्त कठिन व्रत उपवास महिलाओं का पति परिवार के प्रति अपार स्नेह समर्पण के रूप में माना जाता है। करवा चौथ के उपवास को लेकर नव विवाहित महिलाओं में भारी उत्साह बना नजर आ रहा है। पति भी पत्नियों के लिए विशेष उपहार देने के लिए खरीदारी के लिए सक्रिय हो उठे हैं।



नन्हा बाल स्वयं सेवक बना रहा आकर्षण का केंद्र

हरिभूमि न्यूज ⏭ बरेली

पिछले दिनों राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के द्वारा आरएसएस के 101 वर्ष पूर्ण होने पर नगर में दो विशाल पथ संचलन निकल गए। एक पथ संचलन थाना मैदान से शुरू हुआ दूसरा पथ संचलन रामलीला मैदान से प्रारंभ हुआ। पथ संचलन में नगर एवं क्षेत्र के सैकड़ो युवा और बाल स्वयंसेवक पूर्ण गणेश में घोष के साथ कदम से कदम मिलाते हुए नगर की प्रमुख सड़कों पर भ्रमण करते रहे। अभियांश श्रीवास्तव उम्र सिर्फ 9 वर्ष पूर्ण गणेश में सम्मिलित होकर स्वयंसेवकों एवं नागरिकों के बीच आकर्षण का केंद्र बना रहा।

नप ने चलाया सफाई अभियान, डिवाइडर के पेड़ की हुई छटाई और सफाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ बरेली

नगर परिषद अध्यक्ष हेमंत राजा भैया चौधरी के निर्देश पर नगर की प्रमुख मार्गों पर विशेष साफ सफाई अभियान चलाया गया।

सीएमओ हरिशंकर वर्मा की सक्रियता और नगर परिषद के कर्मचारी सफाई मित्रों द्वारा नगर के बीचों बीच से निकली मुख्य सड़क पर बने डिवाइडर में लगे वृक्षों की डालियो की छटाई करने के साथ डिवाइडर की सफाई भी की गई। दिनभर मुख्य सड़क पर छटाई सफाई और कचरा ट्रालियों में भरकर ले जाने का सिलसिला बना रहा।

सीएमओ हरिशंकर वर्मा ने कहा कि डिवाइडर में लगे पौधों की डालियां वाहनों के आवागमन और प्रकाश में बाधा बन रही थी, इस कारण उनकी छटाई कर तत्काल कचरा हटाया गया। अन्य स्थानो, सड़कों पर इसी प्रकार विशेष साफ-सफाई अभियान चलाकर नगर को स्वच्छ सुंदर बनाने का प्रयास किया जाएगा सफाई छटाई अभियान के दौरान श्याम सोलंकी धनराज चौहान दिनेश शर्मा विकास दुबे सहित वार्डो के निगरानी जमादारों की उपस्थिति और सक्रियता बनी रही।



8 मिनिट में 200 प्रश्न हल कर बच्चों ने लहराया परचम

◆ यूसीमास स्टेट लेवल स्पर्धा में बरेली का भावेश उपाध्याय बना चैंपियन मध्यप्रदेश में प्रथम स्थान

हरिभूमि न्यूज ⏭ बरेली



यूसीमास स्टेट लेवल की 21 वी राज्य स्तरीय प्रतियोगिता इंदौर में संपन्न हुई थी जिसमें अलग-अलग स्थानों से 10 हजार से अधिक प्रतिभागियों ने भाग लिया ।

बरेली से दिशा अबेकस अकेडमी के 10 बच्चों ने भाग लेकर जीत हासिल करते हुए बरेली का परचम लहराया। गणित के नन्हे जादूगरों ने 8 मिनिट में 200 सवाल हल किए।

जीत हासिल करने वाले बच्चों में अमाया गुर्जर पिता पंचम सिंह गुर्जर ने जीत हासिल कर ट्रॉफी प्राप्त की। वहीं भावेश उपाध्याय पिता जयप्रकाश उपाध्याय ने प्रदेश में प्रथम स्थान प्राप्त कर ट्रॉफी हासिल की। नगर के लाभांश जैन पिता स्वदेश जैन, शिवाय धाकड़ पिता जितेन्द्र धाकड़ ने प्रदेश में चतुर्थ स्थान प्राप्त कर नगर का नाम रोशन किया।

लक्ष्य चौहान पिता कुलविंदर चौहान, शौर्य राय सुरेन्द्र राय ,बासु प्रदा साहू पिता शैलेंद्र साहू, मीनाक्षी श्रीवास्तव पिता इन्दर श्रीवास्तव, हिमाक्ष पटेल पिता मनीष पटेल ने मेरिट टॉप 20 में जगह बनाकर ट्रॉफी हासिल की, अंश रघुवंशी पिता संजय रघुवंशी ने कॉन्सुलेशन की ट्रॉफी हासिल की, दिशा अबेकस अकेडमी की ओनर फ्रेंचाइजी श्रीमती श्वेता रावत ने प्रदेश में प्रथम स्थान प्राप्त किया।

वेयरहाउस रसीद गुम होने की सूचना

मैं रमेश पुत्र बेनीप्रसाद निवासी ग्राम कुआखेडी तह० व जिला विदिशा यह कि मैंने अपनी कृषिभूमि उपज गेहूं 41 कटट्री बोरी कुल बजन 24-60 केजी. वेतवा पल्सेस एंड वेयर हाउस प्रा. लि. मिजार्पुर विदिशा में भंडारित की थी जिसकी रशीद क्रं० 16135 दिनांक 20-04-2026 है उपरोक्त कृषि उपज गेहू भंडारण के समय मुझे वेयर हाउस से जो रसीद प्राप्त हुई थी उपरोक्त रसीद कही गुम हो गयी है मैंने अपनी इस रसीद पर किसी भी बैंक से लोन नहीं लिया है ना ही किसी को पैसे लेकर बदले में रसीद दी है। यदि किसी को कोई आपत्ति हो तो 15 दिवस के अंदर बेतवा वेयरहाउस में अपनी आपत्ति दर्ज करावे।

तहसील के ग्राम जनकपुर का स्मार्ट विलेज मिशन योजना में चयन

प्रौद्योगिकी प्रदर्शन परियोजना की हुई समीक्षा बैठक

हरिभूमि न्यूज ⏭ बरेली



तहसील के ग्राम जनकपुर का स्मार्ट विलेज मिशन योजना में चयन हुआ है। परियोजना की प्रगति समीक्षा तथा भविष्य की कार्य योजना के निर्धारण हेतु समीक्षा बैठक हुई। वैज्ञानिक तथा औद्योगिक अनुसंधान परिषद की 17 प्रयोगशालाओं द्वारा ग्राम में स्थापित की गई और प्रदर्शन किया गया।

कार्यक्रम परियोजना समन्वयक नोडल प्रयोगशाला केंद्रीय भवन अनुसंधान संस्थान द्वारा किया। मिशन निदेशक प्रोफेसर प्रवीण कुमार राम चलां, डॉ थल्लडा भास्कर, निरीक्षण समिति के अध्यक्ष प्रोफेसर अनिल कुमार गुप्ता एवं अन्य सदस्यों में डॉ संजय कुमार, डॉ. प्रवीण कुमार दास, डॉ. एलजी सिंह डॉ. योगेश काजले, बीजी शिरके, डॉ. संजीव कराऐ शामिल रहे। इसी के साथ क्षेत्र के विधायक प्रदेश सरकार में राज्य मंत्री नरेंद्र शिवाजी पटेल की मुख्य अतिथि के रूप में एवं स्थानीय अधिकारी बैठक में उपस्थित रहे।

स्मार्ट विलेज की अवधारणा

मिशन निदेशक प्रो. प्रदीप कुमार रामचला ने स्मार्ट विलेज की अवधारणा के उद्देश्य तथा ग्रामीण विकास में उसकी महत्वपूर्ण भूमिका पर प्रकाश डाला। ग्राम जनकपुर में स्थापित और भविष्य में की जाने वाली प्रौद्योगियों को संक्षिप्त में प्रस्तुत किया वैज्ञानिक अनुसंधान एवं नवाचारों को ग्रामीणों तक पहुंचना है।

प्रौद्योगिकरण एवं प्रयोगशालाएं

स्मार्ट विलेज योजना के अंतर्गत ग्राम जनकपुर में को उद्योगकी की एवं प्रयोगशाला स्थापित की गई। गेंदा पुष्प की खेती मधुमक्खी पालन सिसल एवं वास रोपण,ईट निर्माण आंगनबाड़ी मध्यान भोजन रसोई का उन्नयन नैनो फिल्ट्रेशन आधारित स्वच्छ पेयजल फ्लाई एस आधारित सीमेंट मुक्त जियोपालिमर पथ विद्यालय एवं आंगनबाड़ी भवनों की स्थिति का आकलन प्रधानमंत्री आवास सड़कों के गड्ढो की मरम्मत हर्बल उत्पाद चमड़े के उत्पाद एआई आधारित स्मार्ट ऊर्जा प्रणाली, जैविक खेती प्रसंस्करण का मूल्यांकन किया गया।

विकसित राष्ट्र प्रत्येक का विकास

कार्यक्रम के राज्यमंत्री श्री पटेल ने स्मार्ट विलेज परियोजना के कार्यों की प्रशंसा करते हुए पूर्ण सहयोग का भरोसा देते हुए कहा कि विकसित राष्ट्र बनाने के लिए प्रत्येक नागरिक का विकास करना आवश्यक है। ग्रामीण क्षेत्रों में आधुनिक प्रौद्योगिकी कौशल विकास एवं आजीविका के अवसरों को प्रोत्साहित करके ही प्रधानमंत्री मोदी जी के विकसित भारत के संकल्प को साकार किया जा सकता है।

कार्यालय ग्राम पंचायत डंगरवाड़ा
जनपद पंचायत नटेरन, जिला विदिशा (मध्यप्रदेश)

:: सार्वजनिक सूचना ::

ग्राम पंचायत की 17 दुकानों को लीज पर देने हेतु नीलामी

ग्राम पंचायत डंगरवाड़ा द्वारा सिरोंज-भोपाल मार्ग पर गोशाला के सामने स्थित शासकीय भूमि खसरा नंबर 77/1, कुल रकबा 2.996 हेक्टेयर पर विकसित ग्राम पंचायत की 17 दुकानों को लीज पर देने हेतु सार्वजनिक नीलामी आयोजित की जा रही है। इच्छुक व्यक्ति निर्धारित नियमों एवं शर्तों के अनुसार नीलामी में भाग लेने के लिए आवेदन प्रस्तुत कर सकते हैं।

दुकानों का आरक्षण पगड़ी राशि एवं किराया राशि निम्न प्रकार है -

संख्या	दुकान संख्या	आरक्षण	पगड़ी की कोसी राशि	प्रत्येक माह किराया	बोली के समय जमा राशि
01	01	अनुसूचित जनजाति (ST)	25 हजार रू.	500 सौ रू.	5 हजार रू.
02	03	अनुसूचित जाति (SC)	25 हजार रू.	500 सौ रू.	5 हजार रू.
03	01	कल्याणी महिला	-	-	-
04	05	अन्य पिछड़ा वर्ग OBC	50 हजार रू.	600 सौ रू.	6 हजार रू.
05	06	अनारिक्षित वर्ग	50 हजार रू.	600 सौ रू.	6 हजार रू.
06	01	दिव्यांगजन	6 हजार रू.	500 सौ रू.	2 हजार रू.

नियम व शर्तें : 1. अमानत राशि बोली प्रारंभ से 1 घंटा पूर्व जमा करना होगा।

2. उच्चतम बोली वाले व्यक्ति को 03 दिवस में 25 प्रतिशत राशि ग्राम पंचायत के खाते में जमा करना होगी एवं शेष राशि दुकान सुपुर्दगी के पहले 01 सप्ताह में जमा करना होगी।

3. राशि जमा न करने पर दुकान दूसरी उच्चतम बोली वाले व्यक्ति को दे दी जावेगी व प्रथम वाले की अमानत राशि जप्त हो जायेगी, नीलामी प्रकिया शासन के प्रचलित नियमों के अनुसार सम्पन्न होगी। ग्राम पंचायत को निम्नानुसार नीलामी निरस्त करने अथवा आवश्यक निर्णय लेने का अधिकार सुरक्षित रहेगा।

आवेदन जमा करने की तिथि - 1 नवंबर से 10 नवंबर तक ।

नीलामी दिनांक 12 नवंबर 2026 - नीलामी स्थान ग्राम पंचायत कार्यालय डंगरवाड़ा नीलामी समय दोपहर 12 बजे से

सरपंच / सचिव
ग्राम पंचायत डंगरवाड़ा
जनपद पंचायत नटेरन, जिला विदिशा (म.प्र.)

खबर संक्षेप

राष्ट्र सर्वोपरि संदेश के साथ निकलेगा पथ संचलन

बाड़ी। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ नगर बाड़ी द्वारा आगामी 1 नवंबर को नगर में विशाल पथ संचलन का आयोजन किया जाएगा। इस आयोजन को लेकर स्वयंसेवकों में उत्साह का माहौल है। पथ संचलन के माध्यम से संगठन की एकता, अनुशासन, राष्ट्रभक्ति और सामाजिक समरसता का संदेश दिया जाएगा। प्राप्त जानकारी के अनुसार विशाल पथ संचलन का आयोजन दोपहर 3 बजे से बाल मंदिर प्रांगण, बारना कॉलोनी बाड़ी से किया जाएगा। इसमें नगर के स्वयंसेवक संघ की निर्धारित वेशभूषा में शामिल होंगे। आयोजन को लेकर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ नगर बाड़ी द्वारा स्वयंसेवकों को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ नगर बाड़ी द्वारा जारी सूचना में सभी स्वयंसेवक बंधुओं से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर आयोजन को सफल बनाने का आह्वान किया गया है। पथ संचलन के माध्यम से स्वयंसेवक अनुशासन, संगठन शक्ति और राष्ट्र के प्रति समर्पण का संदेश देंगे। आयोजकों ने सभी स्वयंसेवकों से समय का विशेष ध्यान रखते हुए निर्धारित गणवेश में कार्यक्रम स्थल पर पहुंचने की अपील की है।

पीएमश्री कॉलेज में नवीन पुस्तकालय का भूमिपूजन

रायसेन। पीएमश्री स्वामी विवेकानंद शासकीय कॉलेज में शैक्षणिक सुविधाओं के विस्तार की दिशा में महत्वपूर्ण पहल की गई है। मंगलवार को सांची विधायक डॉ प्रभुराम चौधरी और जिला पंचायत अध्यक्ष यशवंत मीणा ने कॉलेज में 618.92 लाख रुपए लागत से उन्नयन (सार्थक भवन) एवं नवीन पुस्तकालय भवन के निर्माण कार्यों का भूमिपूजन किया। इस अवसर पर विधायक डॉ चौधरी ने कहा कि महाविद्यालय में इन निर्माण कार्यों से शैक्षणिक अधोसंरचना को मजबूती मिलेगी। सार्थक भवन के उन्नयन से महाविद्यालय की सुविधाओं में विस्तार होगा।

कई जगह टूटी पड़ी बांध की नहरें, विभाग ने मरम्मत का दिया आश्वासन

नहरों से धान फसल को पर्याप्त पानी नहीं मिलने से किसान हो रहे परेशान

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायसेन/बाड़ी

विभाग ने पांच दिन के लिए नहरों में पानी छोड़ा, लेकिन कुछ ही किसानों को मिला इसका लाभ





इस वर्ष औसत बारिश के कम होने के कारण धान की फसलों को पर्याप्त पानी उपलब्ध नहीं हो पाया है, जिससे फसलों को काफी नुकसान होने की संभावना बनी हुई है। वर्तमान में धान की फसल को सिंचाई के लिए पानी की जरूरत है, लेकिन बारना बांध की नहरों से किसानों को पर्याप्त पानी नहीं मिल पा रहा है।

विभाग ने हाल ही में पांच दिन के लिए नहरों में पानी छोड़ा, इसके बावजूद शुरुआती हिस्से के किसानों को ही इसका लाभ मिला। अंतिम छोर यानी टेल क्षेत्र के खेतों तक पानी नहीं पहुंचने से किसान परेशान हैं। पानी की कमी को लेकर कुछ स्थानों पर किसानों के बीच विवाद की स्थिति बन रही है, वहीं कई जगह नहरों के गेट तोड़ने की बात भी सामने आई है। अब धान की सिंचाई के साथ किसानों को रबी फसल के लिए भी चिंता सताने लगी है।

नहर के अंतिम छोर तक नहीं पहुंच पा रहा पानी

बाड़ी क्षेत्र में बारना बांध की मुख्य नहर से निकली वितरिकाओं और सबमाइनरों में पानी का प्रवाह पर्याप्त नहीं होने की समस्या बनी हुई है। ग्राम देहरी, विसेर, सनखेड़ा, मोतलसिर, जमुनिया, पारतलाई, कमका, गेहलपुर, पिपलिया, कन्हवार और चैनपुर सहित कई क्षेत्रों के किसान इससे प्रभावित हैं। किसानों का कहना है कि मुख्य नहर में पानी चलने के बावजूद छोटी नहरों के अंतिम छोर तक पानी नहीं पहुंचता। पारतलाई, गेहलपुर और कमका-हरसिली क्षेत्र में यह समस्या पिछले दो वर्षों से बनी हुई है।

आगामी फसल से पहले मरम्मत का आश्वासन

बारना विभाग बाड़ी के मुख्य कार्यपालन अधिकारी शिवेश मोहनी ने बताया कि हाल ही में पांच दिन के लिए नहर में पानी छोड़ा गया था। रबी फसल की सिंचाई के लिए पर्याप्त पानी उपलब्ध है। रबी सीजन से पहले नहरों की सफाई और मरम्मत कराई जाएगी, ताकि किसानों को सिंचाई के लिए पर्याप्त पानी मिल सके।

कई जगह टूटी नहर और मलवा भी रोक रहा पानी

किसानों के अनुसार कई जगह नहरें क्षतिग्रस्त हैं। टूटे हिस्सों से पानी बहकर निकल जाता है, जबकि घास और झाड़ियों के कारण प्रवाह भी प्रभावित होता है। सफाई और मरम्मत नहीं होने से किसानों को पर्याप्त पानी नहीं मिल पा रहा है। किसानों ने नहरों की सफाई और मरम्मत कराने की मांग की है।

फसलें पीक पर, ऐसे में पानी की सख्त जरूरत

ग्राम बनियाखेड़ी के किसान वीरेंद्र पटेल का कहना है कि धान में बालियां निकलना शुरू हो गई हैं। इस समय पर्याप्त पानी नहीं मिला तो उत्पादन प्रभावित हो सकता है। किसान गोपाल सिंह धाकड़ ने कहा कि नहर में कम से कम दस दिन तक पानी चलाया जाए, ताकि अंतिम छोर तक पानी पहुंच सके। धान की फसल को आखिरी सिंचाई नहीं मिलने से नुकसान का खतरा है।

सलामतपुर और विदिशा के मंदिरों में शातिर चोर ने वारदात को दिया अंजाम, जांच में जुटी पुलिस

पहले मंदिर में पूजा करने का किया नाटक, फिर चुराया चांदी का कड़ा

मंदिर में लगे सीसीटीवी कैमरों में चोर की पूरी करतूत कैद

हरिभूमि न्यूज ⏭ सलामतपुर



जिले के सलामतपुर कस्बे से एक बेहद हैरान कर देने वाला और अनोखा मामला सामने आया है। यहां एक चोर ने भगवान की आस्था और भक्ति का नाटक करते हुए मंदिर को ही अपना निशाना बना लिया। चोर ने पहले इत्मीनान से मंदिर में पूजा-अर्चना की और इसके बाद भगवान की मूर्ति से चांदी का कड़ा चुराकर फरार हो गया। हैरानी की बात यह है कि चोर यहीं नहीं रुका, बल्कि उसने विदिशा शहर के एक अन्य मंदिर में भी चोरी की इस वारदात को दोहराया। मंदिर में लगे सीसीटीवी कैमरों में चोरी की पूरी वारदात रिकॉर्ड हो गई है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, यह पूरी घटना सलामतपुर के प्रसिद्ध द्वारकाधीश मंदिर की है। शुक्रवार शाम को काले रंग के कपड़े पहने हुए एक संदिग्ध युवक मंदिर के अंदर दाखिल हुआ। मंदिर में प्रवेश के बाद उसने भगवान के सामने हाथ जोड़े, अगरबत्ती जलाई और विधि-विधान से सभी देवी-देवताओं की पूजा की। पूजा-पाठ के बाद जब चोर को लगा कि आसपास कोई नहीं है, तब उसने हनुमान जी की प्रतिमा के पैर में पहना हुआ लगभग 100 ग्राम वजनी चांदी का कड़ा निकालकर ले भागा। मंदिर के पुजारी को इस चोरी की जानकारी शनिवार को तब लगी, जब वे मंदिर पहुंचे और मूर्ति से चांदी का कड़ा गायब देखा।

विदिशा के संकट मोचन मंदिर को भी बनाया निशाना

चोर ने उसी रात विदिशा के बंटी नगर स्थित संकट मोचन हनुमान मंदिर को भी निशाना बनाया और मंदिर से चोर ने भगवान का चांदी का मुकुट चोरी कर लिया। पुलिस की शुरुआती जांच और सीसीटीवी फुटेज से सामने आया कि पूरी वारदात में मुख्य चोर का एक साथी भी शामिल था। अंदेशा जताया जा रहा है कि जब मुख्य आरोपी मंदिर के अंदर चोरी की घटना को अंजाम दे रहा था, तब उसका दूसरा साथी मंदिर से कुछ ही दूरी पर बाइक (मोटरसाइकिल) स्टार्ट करके उसका इंतजार कर रहा था, ताकि वारदात के तुरंत बाद दोनों आसानी से फरार हो सके।

120 कैमरे खंगालने के बाद पुलिस को मिले सुराग

मंदिर प्रबंधन की शिकायत पर सोमवार को सलामतपुर थाने में अज्ञात चोर के खिलाफ मामला दर्ज किया। आरोपियों की सुरागकशी के लिए पुलिस ने तकनीकी सहायता और स्थानीय सर्विलांस का सहारा लिया है। पुलिस टीम ने घटनास्थल से लेकर आने-जाने वाले रास्तों के लगभग 120 सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाला है, जिससे पुलिस के हाथ कुछ अहम और पुख्ता सुराग लगे हैं।

इनका कहना है

हमने अज्ञात आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। आरोपी ने पहले मंदिर में पूजा करने का नाटक किया और हनुमान जी के पैर से चांदी का कड़ा चुराया। इसके बाद उसने विदिशा के एक मंदिर में भी चोरी की वारदात को अंजाम दिया है। आरोपियों की तलाश के लिए सीसीटीवी कैमरों के फुटेजों की जांच की है, जिसमें कुछ सुराग भी मिले हैं। जल्द ही आरोपी पुलिस की गिरफ्त में होंगे।

- श्यामराज सिंह सोमवंशी, थाना प्रभारी सलामतपुर।

कलेक्टर ने स्वामित्व योजना के कार्यों में तेजी लाने के दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायसेन



कलेक्टर रोहित सिसोनिया ने मंगलवार को सुबह वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जिले में स्वामित्व योजना की कार्य प्रगति की तहसील एवं अनुभागवार समीक्षा की। उन्होंने सभी एसडीएम एवं तहसीलदारों को योजना के क्रियान्वयन में तेजी लाने के निर्देश देते हुए कहा कि यह शासन की महत्वाकांक्षी योजना है, इसमें लापरवाही बर्दाश्त नहीं होगी। सभी अधिकारी व्यक्तिगत रूचि लेकर कार्य कराएं।

कलेक्टर ने कहा कि स्वामित्व योजना के अंतर्गत निर्धारित कार्यों को प्राथमिकता से पूरा किया जाए। जहां भी कार्यों में बाधाएं आ रही हैं, संबंधित अधिकारी उनका कारण पता कर तत्काल समाधान करें, ताकि प्रगति प्रभावित न हो। उन्होंने अधिकारियों को नियमित निगरानी रखते हुए कार्यों को समय-सीमा में पूर्ण कराने के निर्देश दिए। समीक्षा के दौरान कलेक्टर सिसोनिया ने सीएम हेल्पलाइन में दर्ज शिकायतों तथा लंबित राजस्व प्रकरणों की भी प्राथमिकता से समीक्षा और निराकरण करने के निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि नागरिकों की समस्याओं के समाधान में अनावश्यक देरी नहीं होनी चाहिए। अधिकारी प्रकरणों की नियमित समीक्षा करें और नियमानुसार समय-सीमा में कार्रवाई सुनिश्चित करें।

41 करोड़ 63 लाख रुपए का सीएम राइज स्कूल, तीन साल बाद भी अधूरा निर्माण

समय सीमा भी बीती, अब 28 अक्टूबर को एबीवीपी का धरना

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिलवानी



बच्चों को आधुनिक शिक्षा, बेहतर सुविधाएं और सुरक्षित वातावरण देने के सरकारी दावों की हकीकत सिलवानी में सवालों के घेरे में है। यहां 41 करोड़ 63 लाख रुपए की लागत से बन रहा सीएम राइज स्कूल भवन करीब तीन साल बाद भी विद्यार्थियों को समर्पित नहीं हो सका है। दूसरी ओर, सांदीपनि विद्यालय की कक्षाएं करीब 40 साल पुराने और जर्जर भवन में संचालित हो रही हैं। बारिश में कमरों में पानी भरने से विद्यार्थियों को पढ़ाई में परेशानी झेलनी पड़ी, लेकिन जिम्मेदारों की कार्यप्रणाली में ऐसा कोई बदलाव नजर नहीं आया, जिससे बच्चों को समय पर राहत मिल सके।

नगर में संचालित सांदीपनि विद्यालय के पास लगभग चार एकड़ जमीन पर सीएम राइज स्कूल भवन का निर्माण कराया जा रहा है। मध्यप्रदेश भवन विकास निगम के माध्यम से निर्माण एजेंसी भाषा एसोसिएट्स को इसकी जिम्मेदारी सौंपी है। करीब दो हजार विद्यार्थियों की क्षमता को ध्यान में रखकर बनाए जा रहे इस भवन में लगभग 90 छोटे-बड़े कमरे और हॉल हैं। इनमें 57 कमरे कक्षाओं के लिए निर्धारित हैं। भवन में सीसीटीवी कैमरे और एचवीएसी इकाइयों की व्यवस्था भी प्रस्तावित है। इतना बड़ा बजट और आधुनिक सुविधाओं की योजना होने के बावजूद विद्यार्थियों को इसका लाभ नहीं मिलना व्यवस्था की जवाबदेही पर सवाल खड़े करता है।

आश्वासन मिला, समय सीमा बीती, लेकिन समस्या जस की तस

निर्माण में देरी और पुराने भवन में विद्यार्थियों को हो रही परेशानी के विरोध में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने अगस्त में निर्माणाधीन परिसर में आंदोलन किया था। उस समय प्रशासनिक अधिकारियों की मौजूदगी में जिम्मेदारों ने लिखित आश्वासन दिया था कि 15 सितंबर तक भवन का निर्माण पूरा कर लिया जाएगा। लेकिन तय तारीख निकल गई और भवन विद्यार्थियों के उपयोग के लिए तैयार नहीं हो सका। निर्माण में कथित लापरवाही के विरोध में एबीवीपी की सिलवानी इकाई ने बुधवार, 28 अक्टूबर को दोपहर 12 बजे बजरंग चौराहे पर विरोध प्रदर्शन और धरना देने की घोषणा की है।

दहेज में चार पहिया वाहन मांगने और मारपीट करने का परिजनों ने लगाया आरोप

परिजनों की मांग - निष्पक्ष की जाए जांच

शादी के 5 महीने बाद नवविवाहिता की संदिग्ध मौत हत्या का प्रकरण दर्ज करने की मांग पर हाईवे जाम

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायसेन/बेगमगंज



शादी के महज 5 महीने बाद एक नवविवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत होने का मामला सामना आया है। मायके पक्ष ने ससुराल वालों पर दहेज में चार पहिया वाहन मांगने, मारपीट करने और मानसिक रूप से प्रताड़ित करने के गंभीर आरोप लगाए हैं। परिजन ने हत्या का मामला दर्ज करने की मांग की।

जानकारी के अनुसार मृतका जागृति उपाध्याय की शादी करीब 5 महीने पहले बेगमगंज के जुगल किशोर देवलिया के बेटे कमलकिशोर देवलिया उर्फ संस्कार (24 वर्ष) से हुई थी। मायके पक्ष के मुताबिक, शादी के करीब एक महीने बाद से ही जागृति को दहेज में चार पहिया वाहन लाने के लिए परेशान किया जाने लगा था।

मृतका के परिजनों का आरोप है कि मांग पूरी नहीं होने पर उसके साथ मारपीट और मानसिक रूप से प्रताड़ित किया जाता था। परिजनों का कहना है कि जागृति ने अपनी परेशानी मामा बृजेश उपाध्याय और अन्य रिश्तेदारों को भी बताई थी।

मोबाइल फोन पर मिली फांसी लगाने की सूचना

मृतका के भाई और अन्य परिजनों के मुताबिक, जागृति की मौत की सूचना उसके ससुर जुगल किशोर के फोन से मिली थी। उन्हें बताया कि जागृति ने घर में फांसी लगा ली है। सूचना पर मायके पक्ष के लोग बेगमगंज सिविल अस्पताल पहुंचे, जहां जागृति मृत अवस्था में मिली।

मृतका के मामा बृजेश उपाध्याय का आरोप है कि उनके अस्पताल पहुंचने तक ससुराल पक्ष के लोग वहां से जा चुके थे। परिजनों ने फोन कर उन्हें वापस बुलाने की कोशिश भी की, लेकिन उनके मुताबिक कोई अस्पताल नहीं आया। इसी घटनाक्रम को लेकर मायके पक्ष ने संदेह जताते हुए मामले की निष्पक्ष जांच की मांग की है।

जांच के बाद की जाएगी आगामी कार्रवाई

एएसपी दीपक नायक ने बताया कि नवविवाहिता जागृति उपाध्याय की मौत के मामले में पति सहित ससुराल पक्ष पर केस दर्ज बेगमगंज थाना टीआई को निर्देशित किया है। प्रकरण में जांच के बाद आगामी कार्रवाई की जाएगी।

थाने में सुनवाई नहीं होने का आरोप, स्टेट हाईवे पर बैठे परिजन

जागृति की मां संध्या बाई, भाई वैभव उपाध्याय, विकास उपाध्याय और अन्य परिजन मौत के मामले में हत्या की एफआईआर दर्ज करने की मांग लेकर बेगमगंज थाने पहुंचे थे। परिजनों का आरोप है कि उनकी शिकायत पर अपेक्षित कार्रवाई नहीं हुई। इससे नाराज होकर उन्होंने थाने के सामने भोपाल-सागर हाईवे पर चक्काजाम कर दिया। चक्काजाम की सूचना पर पुलिस अधिकारी मौके पर पहुंचे और परिजनों से बातचीत की। समझाइश के बाद जाम खुलवाया। इसके बाद थाने में परिजनों के बयान दर्ज करने की प्रक्रिया शुरू की गई।

पति लापता, अब जांच पर नजर

परिजनों के मुताबिक, नवविवाहिता के शव के पोस्टमार्टम के बाद जागृति का अंतिम संस्कार कर दिया है। मायके पक्ष ने दावा किया है कि उसका पति कमल किशोर उर्फ संस्कार फिलहाल लापता है। परिजनों की मांग है कि पति सहित अन्य जिम्मेदार लोगों पर हत्या का मामला दर्ज कर सख्त कार्रवाई की जाए।

पुलिस ने फिलहाल परिजनों के बयान लेकर मामला दर्ज कर लिया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट, परिजनों के बयान और अन्य साक्ष्यों के आधार पर ही मौत की वास्तविक परिस्थितियां स्पष्ट हो सकेंगी।

जनसुनवाई में कलेक्टर सिसोनिया ने दिखाए सख्त तेवर

जनसुनवाई में आवेदकों की समस्या को सुन काम में लापरवाही करने वाले अफसरों को लगाई फटकार

आवेदनों की मौके पर ही जांच कर निराकरण के दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायसेन



मंगलवार को कलेक्ट्रेट में आयोजित जनसुनवाई में कलेक्टर रोहित सिसोनिया ने आवेदकों की समस्याओं को गंभीरता से सुना और समस्याओं के निराकरण में देरी करने वाले अफसरों को जमकर फटकार लगाई तथा उन्हें आदेशित किया कि प्राप्त आवेदनों पर त्वरित कार्रवाई होकर निराकरण किया जाए, लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

पहली बार खुद कमान संभाली तो अधिकारियों के सामने सख्त तेवर दिखाए। आवेदनों को केवल औपचारिकता मानकर आगे बढ़ाने के बजाय उन्होंने उनकी बारीकी से जांच पड़ताल की और लापरवाही सामने आने पर जिम्मेदार अधिकारियों को जमकर फटकार भी लगाई।

सालों से अपनी समस्याओं के समाधान के लिए दफ्तरों के चक्कर काट रहे लोगों को राहत दिलाने अधिकारियों को गंभीरता और पारदर्शिता से काम करने के नसीहत देते हुए आदेश दिए।

जमीनी विवाद से लेकर आवास तक की शिकायतें

जनसुनवाई में बड़ी संख्या में आवेदक अपनी समस्याएं लेकर पहुंचे, इनमें राजस्व विभाग से जुड़े मामले प्रमुख रहे। जमीन तक पहुंचने वाले रास्तों पर अतिक्रमण, कब्जे, गलत सीमांकन और बटान संबंधी शिकायतों के साथ वनभूमि पर रहने वाले दलित और आदिवासी परिवारों ने पट्टे दिलाने की मांग रखी। इसके अलावा आवास योजना का लाभ नहीं मिलने और पेयजल व्यवस्था शुरू नहीं होने से जुड़ी शिकायतें भी सामने आईं।

आवेदकों को बार-बार दफ्तरों से मिले निजात : कलेक्टर

जनसुनवाई में कलेक्टर का जोर इस बात पर रहा कि आवेदकों को एक ही समस्या के लिए बार-बार सरकारी कार्यालयों के चक्कर लगाने न पड़ें। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि शिकायतों को गंभीरता से लें, प्रकरणों की वास्तविक स्थिति की जांच करें और समय सीमा में निराकरण करें। जिन मामलों में पहले से कार्रवाई की जा सकती थी, उनमें अनावश्यक देरी पर उन्होंने नाराजगी जताई।

संघ के शताब्दी वर्ष पर बेरखेड़ी में निकाला पथ संचलन, पंच परिवर्तन का लिया संकल्प

सामाजिक समरसता, पर्यावरण संरक्षण और कुटुंब प्रबोधन का दिया संदेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ दीवानगंज



राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में मंगलवार को नरखेड़ा मंडल के बेरखेड़ी में पथ संचलन का आयोजन किया गया। इसमें मंडल के अंतर्गत आने वाले विभिन्न गांवों के स्वयंसेवकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। अनुशासन और एकजुटता के साथ निकले पथ संचलन के माध्यम से सामाजिक समरसता, पर्यावरण संरक्षण, कुटुंब प्रबोधन और राष्ट्र के प्रति कर्तव्यबोध का संदेश दिया गया।

कार्यक्रम में स्वयंसेवकों को पंच परिवर्तन के सिद्धांतों को अपने जीवन में अपनाने और समाज के बीच इन विचारों को पहुंचाने का संकल्प दिलाया गया। पथ संचलन की शुरुआत राम-जानकी मंदिर, बेरखेड़ी परिसर से हुई। यहां से स्वयंसेवक निर्धारित मार्ग से होते हुए बेरखेड़ी चौराहे और भोपाल-विदिशा हाईवे-18 से गुजरे तथा शिव-पार्वती मंदिर पहुंचे।

इसके बाद संचलन वापस प्रारंभिक स्थल पर पहुंचकर संपन्न हुआ। इस दौरान स्वयंसेवकों में उत्साह नजर आया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में विश्व हिंदू परिषद के विभाग मंत्री विक्रम रघुवंशी तथा नरखेड़ा मंडल के खंड कार्यवाह अंशुल मौजूद रहे।

पंच परिवर्तन से समाज में सकारात्मक बदलाव लाने पर जोर कार्यक्रम के दौरान स्वयंसेवकों को संघ के पंच परिवर्तन के विषय में विस्तार से जानकारी दी।